केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर

प्रथम आवधिक परीक्षा (2023-24)

विषय:- हिन्दी

कक्षा:- आठवीं पूर्णांक:- 40 समय:- 1:30 घंटे

प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर लिखिए-**1×5=5**

मानव के स्वास्थ्य का हृदय से सीधा संबंध होता है। आयुर्वेद में हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आचार - विचार और आहार - व्यवहार को संतुलित व संयमित रखना अत्यंत आवश्यक बताया गया है। वर्तमान समय में चिकित्सक, वैज्ञानिक और हृदय - रोग- विशेषज्ञ इन बातों पर जोड़ देते हैं कि मात्र संतुलित आहार और नियमित व्यायाम ही हृदय को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त नहीं है ,अपितु उचित व अनुशासित व्यवहार ,मानसिक सुख, शांति और संतोष भी नितांत आवश्यक है। इन सब की कमी के कारण ही वर्तमान शताब्दी में हृदय रोगियों की संख्या अपेक्षाकृत बहुत बढी है। प्रति वर्ष कई लाख व्यक्तियों की मृत्यु हृदय रोग के कारण हो जाती है और आज भी करोड़ों व्यक्ति हृदय रोग के कारण मृत्यु की आशंका से ग्रस्त जीवन जी रहे हैं।

1. - मनुष्य के स्वास्थ्य का सीधा संबंध किससे होता है?
2. वर्तमान शताब्दी में हृदय रोगियों की संख्या बढ़ने का क्या कारण है?
3. प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मृत्यु का क्या कारण है?
4. आज करोड़ों लोग किस से आशंकित होकर जीवन जी रहे हैं ?
5. ‘ शताब्दी’ शब्द में कौन सा समास है?

प्रश्न 2- निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए-**1×5=5**

पावस ऋतु थी , पर्वत प्रदेश

पल - पल परिवर्तित प्रकृति -वेश

मेखलाकार पर्वत अपार

आपने सहस्र दृग -सुमन फाड़,

अवलोकन रहा है बार-बार

नीचे जल में निज महाकार ,

जिसके चरणों में पला ताल

दर्पण - सा फैला है विशाल!

गिरि का गौरव गाकर झर झर

मद में नस- नस उत्तेजित कर

मोती की लड़ियों से सुंदर

झरतेहै झाग भरे निर्झर !

1. काव्यांश में किस ऋतु का वर्णन है?
2. पर्वत क्या कार्य कर रहा है?
3. विशाल तालाब कैसा दिखाई पड़ रहा है?

4. पर्वत का गुणगान कौन कर रहा है?
5. कविता में झरने को किस प्रकार से दर्शाया गया है?

प्रश्न -3 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर लिखिए **- 1×5=5**

1. बदलू का पैतृक पेशा क्या था?
2. वस्तु विनिमय का अर्थ क्या है?
3. बदलू कौन था?
4. रज्जो कौन थी ?
5. बदलू क्या कार्य किया करता था?

प्रश्न 4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**- 2×5=10**

क -बस की यात्रा पाठ के लेखक कौन है?

ख- लेखक व उसके मित्र कहां जा रहे थे?

ग - लेखक को बस वयोवृद्ध क्यों लगी?

घ- लेखक पेड़ों को दुश्मन क्यों समझ रहा था?

ड -लेखक को बस की दशा कैसी लगी और क्यों?

प्रश्न 5-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए **- 2×2=4**

क-दीवाने संसार से कैसा संबंध रखते हैं?

ख-दुनिया को भीख मंगा क्यों कहा गया है?

भारत की खोज

प्रश्न 6- निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए **3×1=3**

1- अहमदनगर का किला पाठ कब कहां और किसके द्वारा लिखा गया?

व्याकरण

प्रश्न 7- संज्ञा किसे कहते हैं उसके कितने भेद हैं**?1×3=3**

अथवा

विशेषण की परिभाषा एवं प्रकार उदाहरण सहित लिखें।

रचनात्मक लेखन

प्रश्न 8 – अपने विद्यालय के प्राचार्य को पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि विद्यालय में आधिकाधिक पेड़ पौधे लगाए जाएं। 1×5=5

अथवा

'मेरे विद्यालय का स्वतंत्रता समारोह' विषय पर लगभग १५० शब्दों का एक लेख लिखें।